
# प्रदेश के 4,215 विद्यार्थियों ने दी बहुतकनीकी प्रवेश परीक्षा

## तकनीकी शिक्षा बोर्ड ने सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में करवाया पैट

अमर उजाला ब्यूरो/संवाद

**धर्मशाला/हमीरपुर** हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड ने रविवार को बहुतकनीकी प्रवेश परीक्षा (पैट-2025) करवाई। परीक्षा के लिए बोर्ड ने प्रदेश भर में 4,679 उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड जारी किए थे। 34 केंद्रों में परीक्षा करवाई गई। परीक्षा में रविवार को कुल 4,215 छात्रों ने भाग लिया है। इसके साथ ही अब 25 मई को लेटरल एंट्री टेस्ट (लीट-2025) करवाया जाएगा। लीट के लिए 2050 विद्यार्थियों के लिए 13 केंद्र बनाए गए हैं। इस प्रवेश परीक्षा के लिए जिन अभ्यर्थियों ने बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन माध्यम से अपना पंजीकरण करवाया है, वह अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

तकनीकी शिक्षा बोर्ड के सचिव अशोक पाठक ने बताया कि पैट सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में करवाया गया। इसके लिए बोर्ड मुख्यालय से भी परीक्षा पर नजर रखी गई है। परीक्षा के दौरान 464 उम्मीदवार अनुपस्थित रहे। 4,215 ने परीक्षा में भाग लिया है। लीट के लिए अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत फोन नंबर और ई-मेल आईडी पर उनके एडमिट कार्ड भेज दिए हैं। किसी कारणवश अगर कोई अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड वेबसाइट से डाउनलोड नहीं कर पाया है, तो वह बोर्ड को ई-मेल के माध्यम से सूचित करें, ताकि उसका एडमिट कार्ड संबंधित स्टेशन सेंटर को मेल किया जा सकें। इसके अलावा अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट से भी अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड डालकर एडमिट कार्ड को डाउनलोड कर सकते हैं। इधर, हमीरपुर में परीक्षा के लिए चार केंद्र बनाए गए थे।



हमीरपुर के एक केंद्र में परीक्षा देते अभ्यर्थी। स्रोत : संस्थान

### मार्च, अप्रैल में मांगे गए थे तीन वर्षीय डिप्लोमा के लिए आवेदन

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान हमीरपुर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय हमीरपुर, सिद्धार्थ सरकारी कॉलेज नादौन और सुजानपुर महाविद्यालय में परीक्षा करवाई गई। चारों परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देने के लिए कुल 706 एडमिट कार्ड जारी हुए, जिनमें से 639 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 67 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

# 87 फीसदी युवाओं ने दी पैट की प्रवेश परीक्षा



**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड की ओर से रविवार को बहुतकनीकी प्रवेश परीक्षा (पैट) प्रदेश भर में आयोजित की गई। इसके लिए प्रदेश भर में 34 परीक्षा केंद्रों में 4679 अभ्यार्थियों को कॉल लेटर जारी किए गए थे। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से लेकर एक बजे तक आयोजित की जा रही है। अगर हम जिला मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की बात करें, तो यहां पर 329 छात्रों को पैट की प्रवेश परीक्षा को लेकर कॉल लेटर जारी किए गए थे। इनमें से 280 छात्र ही प्रवेश परीक्षा देने केंद्रों पर पहुंचे, जबकि 49 छात्र परीक्षा से अनुपस्थित पाए गए हैं। इसी तरह राजकीय बहुतकनीकी संस्थान बड़ू की बात करें, तो यहां पर 200 अभ्यार्थियों को पैट की प्रवेश परीक्षा को लेकर कॉल लेटर जारी किए गए थे। संस्थान के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर ने बताया कि पैट की प्रवेश परीक्षा में 181 अभ्यार्थियों ने भाग लिया। जबकि 19 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित पाए गए हैं। परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ग से आयोजित की गई है।